पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ : 18 मार्च, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ हो रहे भारतीय नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि लाए तथा सभी के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारतीय नव संवत्सर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है, जो नवीनता, नवचेतना और नवसंकल्प का संदेश देता है। चैत्र नवरात्रि का पर्व आदिशक्ति की उपासना का विशेष काल है, जिसमें साधना, उपवास, जप और ध्यान के माध्यम से आत्मशुद्धि एवं आत्मबल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पावन समय प्रकृति में परिवर्तन के साथ–साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और संतुलन का संचार करता है तथा यह पर्व अनुशासन, संयम और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री जी ने नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश के सभी देवी मन्दिरों में स्वच्छता, सुव्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को मन्दिर परिसरों में साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबन्धन तथा भीड़ नियन्त्रण की समुचित व्यवस्था के लिए निर्देशित किया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नव संवत्सर और नवरात्रि का यह संगम हमें नए उत्साह और संकल्प के साथ समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर हम सभी को शक्ति की आराधना के साथ–साथ रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लेना चाहिए।

\-\-\-\-\-\-\-\-